पंजीयन संख्या RNI No.: MPHIN/2002/09510 डाक पंजीकृत क्रमांक मालवा डिवीजन/204/2024-2026 उज्जैन (म.प्र.)

UGC Care Listed and Peer Reviewed Referred Bilingual Monthly International Research Journal

प्रेषण दिनांक 30 पृष्ठ संख्या 28

आश्वस्त

वर्ष 27, अंक 256 फरवरी 2025

मन चंगा तो कठौती में गंगा

संपादक – डॉ. तारा परमार

भारती दलित साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश, उज्जैन की अन्तर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका

वर्ष : 27 अंक 256
फरवरी 2025

आश्वस्त

(सन् 1983 से निरंतर प्रकाशित)

RNI No.: MPHIN/2002/09510
ISSN : 2456-8856

भारती दलित साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश, उज्जैन (पंजीयन क्रमांक 2327 दिनांक 13/05/1999) की मासिक पत्रिका

संस्थापक सम्पादक
डॉ. पुरुषोत्तम सत्यप्रेमी

संरक्षक
सेवाराम खाण्डेगर
11/3, अलखनन्दा नगर, बिड़ला हॉस्पिटल के पीछे,
उज्जैन मो.: 98269-37400

परामर्श
आयु. सूरज डामोर IAS
पूर्व सचिव-लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण वि.
म.प्र.शासन, भोपाल मो. 094253-16830

सम्पादक
डॉ. तारा परमार
9-बी, इन्द्रपुरी, सेठी नगर, उज्जैन-456010
मो. 94248-92775

सम्पादक मण्डल :
डॉ. जयप्रकाश कर्दम, दिल्ली
डॉ. खन्नाप्रसाद अमीन, गुजरात
डॉ. जसवंत भाई पण्ड्या, गुजरात
डॉ. शैलेन्द्र कुमार शर्मा, म.प्र.

Peer Review Committee
डॉ. श्रवणकुमार मेघ, जोधपुर(राजस्थान)
प्रो. दत्तात्रय मुरुमकर, मुंबई (महाराष्ट्र)
प्रो. रश्मि श्रीवास्तव, उज्जैन (म.प्र.)
डॉ. बी.ए.सावंत, सांगली (महाराष्ट्र)

कानूनी सलाहकार
श्री खालीक मन्सूरी एडव्होकेट, उज्जैन

अनुक्रमणिका

क्र.	विषय	लेखक	पृष्ठ
1	अपनी बात	डॉ. तारा परमार	3
2	सामाजिक उत्थान में डॉ. भीमराव आम्बेडकर का प्रदान	डॉ. जयश्री के दवे	4
3	स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा प्रदत्त कृषि ऋण की ब्याज दर एवं प्रक्रिया से हितग्राहियों की संतुष्टि : एक अध्ययन	डॉ. अभिशिखा परमार	8
4	केन्द्र राज्य संबंध : प्रमुख मुद्दे एवं चुनौतियाँ	राजकुमार पटेल, शोधार्थी डॉ. नौरज सारवान, निदेशक	10
5	Impact of MGNREGA on Santhal Tribal : A Case Study of Sunder Pahari Block in Godda District of Jharkhand from May 2023 to December 2023.	Dr. Maninder Kumar Singh Dr. Subhash Kumar	16
6	Analysing The Influence of Artificial Intelligence On Employment Rights In India	Amanjot Kaur Dr. Shamsher Singh	19
7	The Tana Bhagar Movement	Dr. Saurabh Mishra	24

UGC Care Listed Journal
खाते का नाम – आश्वस्त (Ashwast)
खाते का नं.- 63040357829
बैंक – भारतीय स्टेट बैंक,
शाखा- फ्रीगंज, उज्जैन (Freeganj, Ujjain)
IFS Code - SBIN0030108

Web : www.aashwastujjain.com
E-mail : aashwastbdsamp@gmail.com

एक प्रति का मूल्य	:	रुपये 20/-
वार्षिक सदस्यता शुल्क	:	रुपये 200/-
आजीवन सदस्यता शुल्क	:	रुपये 2,000/-
संरक्षक सदस्यता शुल्क	:	रुपये 20,000/-

विशेष : सम्पादन, प्रकाशन एवं प्रबंध अवैतनिक तथा पत्रिका में प्रकाशित विचारों से सम्पादक-मंडल का सहमत होना आवश्यक नहीं है। विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्र उज्जैन रहेंगा।

अपनी बात

संत रैदास की भक्ति–पद्धति, जीवन दर्शन, सामाजिक तथा धार्मिक विचारधारा का निर्माण जिन युगीन परिस्थितियों में हुआ वह संक्रांति काल की स्थिति थी, जिसे रैदास ने अपने विवेक से और अपनी प्रतिभा से स्वीकार किया था। रैदास को जो समाज मिला था वह धार्मिक दृष्टि से अंध विश्वासी तथा रूढ़ियों से आक्रांत था। वर्ण व्यवस्था, जातिगत ऊँच–नीच, अस्पृश्यता और मिथ्याकार, कर्मकाण्ड सर्वत्र व्याप्त था।

संत रैदास ने अपनी साखियों, दोहों और पदों में उस समय की सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक स्थिति का बड़ा ही सटीक और मर्मस्पर्शी वर्णन किया है। वे सामाजिक विषमता के विरोधी और स्वतंत्रता, समानता तथा बहुजन वाणी की अभिव्यक्ति हैं। उनकी अभिव्यक्ति में सिर्फ आध्यात्मिक क्षेत्र की मुक्ति का स्वप्न नहीं बल्कि सामाजिक विषमता से मुक्ति का स्वप्न भी विद्यमान है।

भारतीय चिंतन परम्परा में निर्गुण संतों ने ही जाति एवं जातिप्रथा के दुष्परिणामों को मजबूत स्वर दिया है। जाति–पांति विरोधी स्वरों को निर्भिकता के साथ अभिव्यक्ति दी है। संत रैदास का स्वर इनमें सबसे ऊँचा है। वे अपने पद में कहते हैं :–

''रैदास जनम के कारने, होत न कोऊ नीच।
नर कूं नीच करि डारि है, ओछे करम की कीच।।''

''रैदास बामन मत पूजिये, जऊ होवे गुन हीन ।
पूजिये चरन चाण्डाल के, जऊ होवे गुन परवीन।।''

संत रैदास ने जन्मना श्रेष्ठता की अतार्किक अवधारणा के स्थान पर कर्मणा श्रेष्ठता की अवधारणा स्थापित की है। वे जन्म की जाति के आधार पर किसी को श्रेष्ठ नहीं मानते हैं, वरन् कर्म को उसकी श्रेष्ठता का आधार मानते हैं। देखें –

''जनम जाति कूं छांडि करनी जान प्रधान।
ह्यो वेद को धरम है, कह रैदास परवान।।''

संत रैदास दासता को सबसे बड़ा कष्ट मानते हैं। इसलिये वे कहते हैं –

''पराधीनता पाप है, जानि लेहु रे मीत।
रैदास दास पराधीन को, कौन करे है प्रीत।।''

''पराधीन को दीन क्या, पराधीन बेदीन।
रैदास दास पराधीन को, सबही समझे हीन।।''

श्रमण–संस्कृति भारत के मूल निवासियों की संस्कृति है, जो श्रम–सृजन, मानव दुख निवारण, निर्वाण, मोक्ष, ज्ञान, ध्यान, योग, त्याग व प्रज्ञा पर आधारित है। संत रैदास ऐसी श्रमण संस्कृति के हिमायती हैं। वे परिश्रम करके खाने में विश्वास करते हैं। इसलिये वे कहते हैं –

स्रम को ईसर जानि के, जो पूजै दिन रैन ।
रैदास तिनहीं संसार में, मिलै सदा सुख चैन।।''

रैदास स्रम कर खाइये, जो तौ पार बसाय।
नेक कमाई जो करें, कबहु न निहफल जाय।।''

सद्गुरु संत रैदास ने सच्चरित्रता पर सर्वाधिक जोर दिया है और व्यसनों से दूर रहने को कहा है। व्यसनों को विष की भांति त्यागने की बात कही है –

'रविदास' मदिरा का पीजिए, जो चढ़े–चढ़े उतराय।
नाम महारस पीजिये, जो चढ़े तो नाहि उतराय।।''

संत रैदास कर्मकाण्ड, पूजा, तीर्थाटन, नदी स्नान, व्रत–उपवास आदि का विरोध करते हैं। वे कहते हैं –

''का मथुरा, का द्वारिका, का कासी हरद्वार।
रैदास खोज दिल आपना, तहं मिलया दिलदार।।''

''माथे तिलक हाथ जप माला, जग ठगने का स्वांग बनाया।
मारग छांडि कुमारग बहके, सांची प्रीति बिन हरि न पाया।।

संत रैदास की वाणी में मनुष्य की जन्मजात समानता का भाव मिलता है। उनका कहना है कि यह जीवन रहस्य है, केवल परमात्मा ही जीवन देता है और उसे समाप्त करता है। इसलिये जन्म से प्रसन्न व मृत्यु से दुःखी नहीं होना चाहिए –

''जीवन जोत कैसे जगे, कैसे होय अन्त,
रविदास मानुष न जाने जानत है भगवन्त।
रविदास जनमै को हरस का, का मरने को सोग,
बाजीगर के खेल को समझत नाहि लोग।''

संत शिरोमणि रैदास अपने समय के क्रांतिकारी, समाज सुधारक के साथ–साथ ज्ञान और भक्ति के क्षितिज पर एक दैदीप्यमान नक्षत्र थे। निराकार भक्ति आन्दोलन के संचालक संत कबीर साहब ने गुरु रवि साहब को परम पारस संत शिरोमणि जगत गुरु की उपाधि देते हुए कहा है –

संतन में रविदास शिरोमणि हैं, पारस गुरु सौ मानिया।
कबीर, हिन्दू–तुर्क, दोय दिन बने, कछु नहीं पहचानिया।
ऐसे संत रविदास जी को शत–शत नमन।

– डॉ. तारा परमार

सामाजिक उत्थान में डॉ. भीमराव आम्बेडकर का प्रदान

– डॉ. जयश्री के दवे

सारांश

दलितोद्धारक डॉ. बाबासाहब अंबेडकर ने भारत के संविधान में समता और समानता के मूल्यों का प्रावधान कर भारत के दलित समाज को समाज के मुख्य प्रवाह में शामिल होने का अधिकार दिया। इतना ही नहीं, अपनी विलक्षण प्रतिभा, कठोर परिश्रम और काबिल नेतृत्व से उन्होंने तत्कालीन रुढ़िवादी समाज में दलितों के लिये न्याय का आंदोलन शुरू किया, जिससे सदियों से अपने नसीब को कोसकर, अपनी परिस्थितियों से समझौता कर नर्क सी जिंदगी जी रहा दलित समाज अपने अधिकारों की लड़ाई के लिये जागृत और प्रेरित हुआ। उनके कठोर परिश्रम से भारतीय दलित समाज पिछड़ेपन, अश्पृश्यता, अपमान और शोषण जैसी भयावह परिस्थितियों का मजबूती से सामना करने में समर्थ और सशक्त बना। सांप्रत समय में दलित समाज जिस मुकाम पर खड़ा है, चाहे सरकारी पदों पर नियुक्तियाँ हो, अर्न्तजातिय विवाह हो या समाज के आदरणीय स्थानों में स्वीकृति हो, हर एक अधिकार के लिये डॉ. अंबेडकर का प्रमुख योगदान रहा है। भारतीय दलित समाज डॉ. अंबेडकर का सदैव ऋणी रहेगा ।

बीज शब्द–दलित समाज, रुढ़िवादी समाज, समाज उत्थान।

प्रस्तावना

'दलितों के मसीहा, 'दलितों के अन– अभिषिक्त सम्राट' और 'दलित हृदय सम्राट' जैसी उपाधियों से दलितों के हृदय में आदरपात्र स्थान के अधिकारी डॉ. भीमराव अंबेडकर ने भारतीय रुढ़िवादी समाज में दलितों की दयनीय स्थिति का कड़ा विरोध किया और रुढ़िवादी हिंदू समाज की अन्यायी परंपराओं पर वेधक प्रश्न उठायें। अंबेडकर रूढ़िवादी समाज से पूछते है– 'क्या विश्व में ऐसा कोई समाज है जहाँ ऐसे लोग रहते हों, जो एकदम अलग–थलग रहते हों और जिनकी परछाईं पड़ना और जिन्हें देखना पाप हो ? क्या कोई समाज ऐसा है, जिसमें अपराधिक जनजातियाँ रहती हों? क्या कोई ऐसा समाज है, जिसमें नंग–धड़ंग आदिवासी एवं वनवासी हों? वे गिनती में कितने हैं? क्या वे सैकड़ों या हजारों की संख्या में हैं? मेरी कामना है कि उनकी संख्या नगण्य हो। दुःख की बात है कि उनकी संख्या लाखों में है। ....घोर आश्चर्य ! (बाबासाहब व्यक्ति और विचार, पृ. 22)

रुढ़िवादी हिन्दू समाज को उनकी सदियों पुरानी विचारधारा बदलने के लिए मजबूर करना अंबेड़कर के लिये बिलकुल भी आसान नहीं था, लेकिन बचपन से हिन्दू समाज में व्याप्त अश्पृश्यता एवं अन्यायपूर्ण व्यवहार का सामना कर रहे अंबेडकर ने हार नहीं मानी। बचपन में बड़े भाई के साथ सतारा जाते हुए बैलगाड़ी वाले का दुर्व्यवहार, प्यास के कारण गला सूखने पर दूषित पानी मिलना, बाल काटने पर उसत्रा दूषित हो जाने का हजाम का कथन, प्राथमिक विद्यालय में कक्षा से बाहर अपने घर से लाए आसन पर पढ़ना, शिक्षक का अश्पृश्यतापूर्ण बर्ताव जैसे अनेक असंवेदनशील अनुभवों से व्यथित अंबेडकर का एकमात्र उद्देश्य भारतीय समाज में व्याप्त अस्पृश्यता, दलितों के लिये मंदिर प्रवेश का निषेध, सार्वजनिक तालाब, कुआँ आदि से पानी लेने पर निषेध, अस्पृश्यों का यज्ञोपवीत धारण करने पर प्रतिबंध आदि भयावह और अन्यायी परंपराओं से अपने दलित बंधुओं को मुक्त कर के उनका उद्धार करना था। अंबेडकर ने हिंदू समाज में व्याप्त कुरीतियों एवं भेदभावपूर्ण परम्पराओं के विरोध में लोगों को संगठित कर के शांतिपूर्ण आंदोलन किया। उनके तर्कपूर्ण एवं विवेकपूर्ण विरोध से अस्पृश्य समाज की दयनीय परिस्थिति पर रूढ़िवादी समाज का ध्यान गया और वे उस पर सोचने और बदलने पर मजबूर हुए।

समाज सुधार के लिये संघर्ष

दलित समाज उत्थान और रूढ़िवादी हिंदुओं को समझाने के लिये अंबेडकर को कई अपमान और

मुश्किलों का सामना करना पड़ा। तत्कालीन रूढ़िवादी हिन्दु समाज और दलित समाज मनुस्मृति प्रेरित धर्म की बेड़ियों में ईतने जकड़े हुए थे कि, उनको अन्यायी धार्मिक विचारों से मुक्त करना अत्यंत मुश्किल था। उनकी सर्वप्रथम प्राथमिकता हिन्दुओं के मानस में परिवर्तन लाना थी। इस संदर्भ में डॉ. बाबासाहब अपने अनुभव व्यक्त करते हुए कहते हैं–'एक सुधारक के रूप में उनका मार्ग निष्कंटक नहीं था। वह अनेक दिशाओं से अवरुद्ध था। जिन लोगों को वे सुधारना चाहते थे उनकी भावनाएँ प्राचीन अतीत में गहरी धँसी हुईं थीं।" (बाबासाहब डॉ. अंबेडकर सम्पूर्ण वाङ्मय, पृ. 263)

एक तरफ दलित समाज अपनी दयनीय परिस्थिति को नसीब या धार्मिक परंपरा मान कर जी रहा था, तो दूसरी और राजकीय सत्याग्रह में जुड़े हुए नेता भी देश की स्वतन्त्रता को ज्यादा अहमियत देते थे। उनका मानना था कि, स्वतन्त्रता के पश्चात् देश में अस्पृश्यों की स्थिति में सुधार आएगा। लेकिन, अंबेडकर ने दलितों की सामाजिक स्वतन्त्रता की लड़ाई को ब्रिटिश शासन से स्वतन्त्रता की लड़ाई से हमेशा उपर रखा। स्वतंत्रता के लिये लड़नेवाले कोंग्रेस के रूढ़िवादी नेताओं को अंबेडकर ने अपने तीखे सवालों से चूप करा दिया–''जब आप अस्पृश्यों जैसे आपके खुद के देशबंधवों के बड़े वर्ग को विद्यालय का उपयोग करने भी नहीं देते है, तब क्या आप राज्यसत्ता के लिए योग्य हो? जब आप उनको गाँव के कुओं का भी उपयोग नहीं करने देते हो, तब क्या आप राज्य सत्ता के लिये योग्य हो ?... जब आप उनका प्रिय भोजन भी नहीं खाने देते, तब क्या आप राज्य सत्ता प्राप्त करने योग्य हो? (डॉ. बाबासाहब अंबेडकर विचारदर्शन परिचय विशेषांक, पृ. 23) अंबेड़कर का मानना था कि, जाति के आधार पर कोई भी भेदभाव स्वीकार नहीं करना चाहिए। जातिभेद से मुक्ति ही समाज की प्राथमिकता होनी चाहिये। उनका मत था कि, दलित समाज हिन्दु है और हिंदुओं जैसे सभी अधिकार उनको प्राप्त होने चाहिए। दलित समाज को न्याय दिलवाने के लिये अंबेडकर के सत्याग्रह का प्रेरणास्रोत हिन्दुओं का पवित्र ग्रंथ श्रीमदभगवद्गीता था। गीता के बारे में अंबेडकर कहते है–'गीता, सत्य के आग्रह का संदेश है। गीता के दर्शन का यही सार है कि, पहले भली–भाँति परख लो कि लक्ष्य यानि कार्य अच्छा है या नहीं? यदि उद्देश्य अच्छा है और उसी में समाज की भलाई निहित है, तो उसका आग्रह और उसके लिये किये जाने वाला संघर्ष अच्छा है। (भारतरत्न डॉ. अंबेडकर, पृ. 68) दलित समाज के न्याय के लिये अंबेडकर ने कई सत्याग्रह किये, जिससे समाज में दलितों की स्थिति में सुधार आया।

महाड़ जल सत्याग्रह

दलित समाज के अधिकारों की लड़ाई में अंबेडकर द्वारा किये सत्याग्रहों में ''महाड़ जल सत्याग्रह'' प्रमुख है। यद्यपि महाड़ नगरपालिका ने सन 1924 में ही चवदार तालाब से सभी हिन्दुओं को पानी भरने का अधिकार दे दिया था, लेकिन कुछ रुढ़िवादी लोगों के विरोध के कारण अस्पृश्य लोग वहाँ से पानी नहीं ले सकते थे। इस विरोध को उन्होंने चुनौती के रूप में स्वीकार कर शांतिपूर्ण सत्याग्रह किया। उनके अविरत प्रयत्नों से बंबई हाईकोर्ट ने 17 मार्च 1936 को दलितों को तालाब से पानी लेने का अधिकार दिया।

नासिक मंदिर प्रवेश सत्याग्रह

तत्कालीन भारतीय समाज में दलितों के मंदिर प्रवेश पर निषेध का विरोध अंबेडकर ने नासिक मंदिर प्रवेश सत्याग्रह से किया। डॉ. अंबेडकर का कहना था कि–''मंदिर में पूजा करने के लिए उन सभी को अनुमति होनी चाहिये, जो पूजा करना चाहते हैं। इसमें किसी प्रकार का भेदभाव, प्रतिबंध अथवा शर्त नहीं होनी चाहिये।'' (बाबासाहब व्यक्ति और विचार, पृ. 50) उन्होंने नासिक में 2 मार्च, 1930 के रामनवमी के दिन कालाराम मंदिर में दर्शन की अनुमति नहीं मिलने पर सत्याग्रह की शुरुआत की। उनके प्रयासों के कारण ही अक्तूबर 1935 में सरकार ने कानून बनाकर कालाराम मंदिर के दरवाजे सभी दलितों के लिये खोल दिये। बाद में, सन 1647 में बंबई सरकार ने प्रमुख सार्वजनिक मंदिरों के दरवाजे अस्पृश्य लोगों के लिये खोल देने का आदेश दिया।

अस्पृश्य लोगों को यज्ञोपवीत का अधिकार

महर्षि दयानन्द सरस्वती का मानना था कि, जाति के आधार पर किसी भी व्यक्ति को यज्ञोपवीत पहनने से मना करना आर्य संस्कृति का अपमान है। अंबेडकर ने इसी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा–'अस्पृश्य भी उतने ही निष्ठावान हिन्दू हैं जितने कि ब्राह्मण या कोई अन्य हिंदू। यज्ञोपवीत धारण करने का अधिकार सभी हिंदुओं का है। (डॉ.बी.आर.अंबेडकर : व्यक्तित्व एवं कृतित्व, पृ. 116–117) अंबेडकर ने बंबई में मार्च, 1920 में समाज समता संघ की स्थापना की। जिसके द्वारा 500 महारों को यज्ञोपवीत धारण करवाया गया। बाद में अप्रैल 1929 में दलित जाति परिषद के अधिवेशन में उनके ब्राह्मण मित्र श्री देवराव नाइक ने वेदमंत्रों के उच्चारण के साथ 6000 अस्पृश्य बंधुओं को यज्ञोपवीत धारण करवाया ।

मनुस्मृति दहन

दलित समाज की दुर्दशा से विचलित बाबासाहब समझ चुके थे कि, हिंदु समाज में महिलाओं और दलितों की दुर्दशा का कारण हिन्दु धर्म की मनुस्मृति प्रणीत जातिव्यवस्था है। अंबेडकर ने महाड़ सत्याग्रह में कहा कि मनुस्मृति असमानता पर आधारित है। इसके सिद्धांतों ने शूद्रों को निम्न स्थिति पर ला पटका है, उनका मान–सम्मान समाप्त हुआ है तथा उनके सामाजिक तथा आर्थिक अधिकार समाप्त हो गए है । महाड़ के चवदार तालाब से दलितों को पानी देने के कोर्ट केस में भी पक्षकार ब्राह्मणों के मनुस्मृति के श्लोको के संदर्भों को कोर्ट ने मान्य रखे थे। ईसलिये अंबेडकर ने हिन्दु धर्म में अस्पृश्यता की जड़ बन चुके मनुस्मृति ग्रंथ का विरोध करने के लिये और रुढ़िवादी हिंदुओं का ध्यान खींचने के लिये मनुस्मृति का 27 मार्च, 1927 को दहन किया। उनकी मांग थी कि, मनुस्मृति के स्थान पर हिंदुओं की नई आचार संहिता बने जिसमें सभी को समान अधिकार प्राप्त हो। स्वतन्त्रता के बाद उन्होंने मनुस्मृति के स्थान पर सामाजिक समानता और समरसता का प्रावधान देने वाला संविधान लिख कर भारतीय समाज को अप्रतिम भेंट दी।

दादर गणेशोत्सव आंदोलन

डॉ.अंबेडकर के दलित न्याय के आंदोलनों में एक आंदोलन दादर का गणेशोत्सव भी है। जब मुंबई के दादर के गणेशोत्सव में आयोजको ने मूर्ति स्थापना के दिन सैकड़ों अस्पृश्य लोगों को पंडाल में जाने से रोक दिया, तब आंबेडकर के समझाने पर अस्पृश्य लोगों को पंडाल में जाने की अनुमति मिली।

स्त्री सशक्तिकरण

बाबासाहब ने संविधान की कलम 14, 15 और 16 में दलितों के साथ स्त्रियों को समानता का अधिकार दिया । समाज में स्त्रियों की प्रगति के बारे में उनका कहना था कि–'मैं किसी समाज की प्रगति का अनुमान उस समाज की स्त्रियों की कितनी प्रगति हुई है, उससे लगाता हूँ। (स्त्री सशक्तिकरण और बाबासाहब अंबेडकर, पृ. 131) अंबेडकर के सामाजिक आंदोलनों में स्त्रियों की बराबर हिस्सेदारी थी। उन्होंने 25 दिसंबर, 1927 में महिलाओं से ही मनुस्मृति दहन करवा कर स्त्री मुक्ति के आंदोलन का आगाज कर दिया था। स्त्रियों के लिये कालाराम मंदिर प्रवेश, कामड़ी में वेश्याओं को कलंकित व्यवसाय में से बाहर निकलने का आह्वान आदि अनेक कार्यों से उन्होंने महिलाओं के उत्थान के सक्रिय प्रयास किये। स्वतन्त्रता के बाद श्रम मंत्री बनने पर उन्होंने कोयले की खदान में काम करनेवाली महिलाओं को प्रसूति की छुट्टी, स्वास्थ्य एवं मनोरंजन का अधिकार दिया था। सांप्रत समाज में महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण में अंबेडकर का बहुत बड़ा योगदान है, यह निर्विवाद है ।

डॉ.अंबेडकर के दलितों के सामाजिक उत्थान के सुझाव

डॉ अंबेडकर कभी भी हिंदू धर्म के विरोधी नहीं थे, बल्कि बचपन से हिन्दु धर्म में उनकी अपार आस्था थी। वे धर्म को समाज उत्थान के लिए अनिवार्य मानते थे। धर्म के बारे में अंबेडकर कहते है–''बर्क जब कहते है कि सच्चा धर्म समाज का स्तंभ है और सब सच्ची नागरिक

सरकारों का उस पर आधार है तब उनके साथ मैं संमत होता हूँ....इसलिए मैं जीवन के इस प्राचीन नियमों को रद्द करने की विनती करता हूँ। मैं यह देखने को आतुर हूँ कि, उसका स्थान सिद्धांतोंवाला धर्म ले कि, जो सब से पर रहकर सच्चा धर्म होने का दावा कर सके।" (डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जीवन अने कवन, पृ. 52, 53)

डॉ. अंबेडकर हिन्दु समाज में सुधार के लिये जातिप्रथा के उन्मूलन के विचार को सही नही मानते। उनका यह दृढ़ मत था कि, अर्न्तजातिय विवाह ही जातिप्रथा निर्मूलन का एकमात्र सही रास्ता और सबसे सक्षम माध्यम है। उनका कहना था–'मुझे भरोसा हो चुका है कि, अर्न्तजातिय विवाह ही सच्चा उपाय है। अकेला लहू का मिश्रण ही सगे स्वजन होने की भावना पैदा कर सकेगा और जब तक ईस सगेपन की भावना सर्वोपरि नहीं बनेगी तब तक, जाति से उत्पन्न हुई अलगता की भावना, पराये होने की भावना का नाश नहीं होगा। (डॉ. बाबासाहब अंबेड़कर विचारदर्शन परिचय विशेषांक, पृ. 23)

अंबेडकर दलितों को शिक्षित, संगठित, संघर्ष के लिये समर्थ और सशक्त बनाना चाहते थे। उन्होंने दलित समाज को विकास का मूलमंत्र दिया कि, ''शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो।'' अंबेडकर दलितों को शिक्षित कर के डॉक्टर, इंजिनियर, प्रोफेसर, ऑफिसर और बेरिस्टर बनाकर उनकी आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक प्रगति के द्वार खोलने के लिये प्रवृत्त थे। वे दलितों को 'शासनकर्ता समाज' के रूप में देखना चाहते थे। उनका दृढ़ विश्वास था कि, सत्ता में भागीदारी से ही दलितों की स्थिति में सुधार आएगा। उनको सवर्णों की दलितों प्रति 'भूतदया की भावना' कभी स्वीकार्य नहीं थी। दलितों के उद्धार के बारे में अंबेडकर का मत था कि–'दलितों को अपना उद्धार अपने आप ही करना पड़ेगा। अन्य पर आधार या विश्वास रख कर बैठ नहीं सकते। इसके लिये दलितों की अपनी एकता अनिवार्य है।(आर्षदृष्टा डॉ. बाबासाहब आंबेड़कर पृ. 46) दलितों की एकता के लिए उन्होंने मई – 1920 में अछूतों की अठारह जातियों को इकट्ठा कर के सशक्त सगठन बनाया ।

अंबेडकर ने दलितों और महिलाओं को समाज में समान अधिकार देने हेतु संविधान में समता, समानता, लोकशाही, स्वतन्त्रता, सामाजिक न्याय आदि अधिकारों का प्रावधान किया। उन्होंने दलित समाज एवं महिलाओं को शिक्षा का समान अधिकार दे कर उनको सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त और सक्षम बनने में सहायता प्रदान की ।

समापन

डॉ. अंबेडकर के लिये दलितों को समाज में आत्मसम्मानपूर्ण जीवनयापन का समान अधिकार दिलवाने का कार्य अति कठिनाई भरा और मुश्किल था। लेकिन, अंबेडकर ने कभी हार नहीं मानी। उन्होंने अपना पूरा जीवन दलितोद्धारक बन के दलितों के लिए ही समर्पित किया। समाज में आज दलितों की आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान की स्थिति का सम्पूर्ण श्रेय अंबेडकर को जाता है। समूचा दलित समाज उनका सदैव ऋणी रहेगा। अमृतलाल ठक्कर को लिखे एक पत्र में अंबेड़कर अपने समाज उद्धार के कार्य के लिये विनम्रता से अपने आप को सामान्य व्यक्ति के रूप में देखते है–'गरीब मानवों का मैं एकमात्र नेता सहायक हूँ ऐसा दावा मैंने कभी नहीं किया है। मेरी अल्पशक्ति मात्र अछूतों के लिये ही है। मेरे लिये अछूतों की समस्या ही काफी हैं। अन्य प्रश्न कम महत्त्व के हैं ऐसा मेरा कहना नहीं है, लेकिन जीवन अल्प है यह समझकर प्रत्येक व्यक्ति एक ही समस्या हाथ पर ले सकता है। इसलिए मैं भी अस्पृश्यों के अलावा अन्य कोई सेवा की महत्वाकांक्षा नही करता।" (आर्षदृष्टा डॉ. बाबासाहब आंबेडकर, पृ. 48)

– डॉ. जयश्री के दवे
एसोसिएट प्रोफेसर
एम. बी. पटेल कॉलेज ऑफ एज्यूकेशन
सरदार पटेल विश्वविद्यालय, वल्लभ विद्यानगर
आणंद (गुजरात) दूरभाष– 9824271474

संदर्भ :

1. कृष्णगोपाल (1664) बाबासाहब व्यक्ति और विचार। सुरुचि प्रकाशन । देशबंधु गुप्त मार्ग। झंडेवाला। नई दिल्ली ।
2. बाबासाहब (1663) डॉ. अंबेडकर सम्पूर्ण वाङ्मय। नई दिल्ली। खण्ड. 1
3. महेरिया प्रकाशकुमार आर (तंत्री) (2009) डॉ. बाबासाहब अंबेडकर विचारदर्शन परिचय विशेषांक। अङ्क : 5–6। 'ज्ञाति का उच्छेद' डॉ. आंबेडकर का समाजशास्त्रीय विश्लेषण और कर्मशिलीय निदान। अहमदाबाद ।
4. अग्निहोत्री रामशंकर (1664) भारतरत्न डॉ. अंबेडकर। नई दिल्ली। भाग– 1.
5. जाटव.डी.आर.(1663) डॉ. बी. आर. अंबेडकर : व्यक्तित्व एवं कृतित्व। जयपुर ।
6. आगजा बलदेव (सम्पादन) (2016) ज्ञानांजलि। सरदार पटेल यूनिवर्सिटी। 'स्त्री सशक्तिकरण और बाबासाहब अंबेडकर – विषय' पर श्री प्रवीण गढ़वी का लेख ।
7. मकवाना. रमेश. एच. (1911) डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जीवन अने कवन (गुजराती)। पार्श्व प्रकाशन। अहमदाबाद।
8. ज्योतिकर पी. जी.(1998) आर्षदृष्टा : डॉ. बाबासाहब आंबेडकर। यूनिवर्सिटी ग्रंथनिर्माण बोर्ड। अहमदाबाद। द्वितीय आवृत्ति।

स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा प्रदत्त कृषि ऋण की ब्याज दर एवं प्रक्रिया से हितग्राहियों की संतुष्टि : एक अध्ययन

– डॉ. अभिशिखा परमार

सारांश – प्रस्तुत शोध में स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा प्रदत्त कृषि वित्त की सुविधाओं का लाभान्वित हितग्राहियों के संदर्भ में अध्ययन किया गया है। सरकार ने अपनी कृषि वित्त नीति के द्वारा रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया, स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया तथा इस बैंक की सहायक बैंकों को भी कृषि कार्यों के लिए पर्याप्त वित्त प्रदान करने हेतु प्रोत्साहित किया है।

प्रस्तावना – भारत एक कृषि प्रधान देश है। वर्तमान परिवेश में अधिकतर ग्रामीण परिवारों का जीवनयापन कृषि पर निर्भर करता है। कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की सकल घरेलू उत्पाद में पूरा–पूरा योगदान देता है। परन्तु यह विचारणीय प्रश्न है कि कृषि वित्त सुविधा प्राप्त करने में कृषक को किन–किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है तथा बैंक द्वारा प्रदत्त कृषि ऋण की ब्याज दरों से हितग्राही संतुष्ट हैं या नहीं? इन तथ्यों को जानने के लिए प्रस्तुत शोध में प्रश्नावली के माध्यम से लाभान्वित हितग्राहियों का दृष्टिकोण जानने का प्रयास किया गया है।

साहित्य की समीक्षा – (1) कुलकर्णी (1979) ने बैंकिंग क्षेत्र की सामाजिक जिम्मेदारी पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि बैंक परिचालनों से उत्पन्न होने वाले लाभों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

(2) आईसीआरए (2003) ने अपने शोध पत्र में यह बताया है कि विभिन्न मानदण्ड़ों के तहत बैंक के सभी पहलुओं जैसे ब्याज मार्जिन ओपरेटिंग खर्च परिसंपत्ति की गुणवत्ता के साथ–साथ प्रति कर्मचारी स्थापना, प्रति कर्मचारी लाभ प्रदत्त का विश्लेषण किया गया है।

परिकल्पना

(1) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा प्रदत्त कृषि ऋणों की ब्याज दर से हितग्राही संतुष्ट है।

(2) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा प्रदत्त कृषि ऋणों की प्रक्रिया से हितग्राही संतुष्ट हैं।

परिकल्पना प्रथम का परीक्षण

H_1 स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा प्रदत्त कृषि ऋणों की ब्याज दर से हितग्राही संतुष्ट है।

H_0 स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा प्रदत्त

कृषि ऋणों की ब्याज दर का हितग्राही की सतुष्टि से कोई संबंध नहीं है दोनों में सार्थक अंतर विद्यमान है। इस परिकल्पना के परीक्षण हेतु कार्ल पियर्सन का सह सम्बन्ध गुणांक (Correlation) का प्रयोग किया है जो इस प्रकार है :–

कृषि ऋणों की ब्याज दर एवं हितग्राही संतुष्टि स्तर में सह सम्बन्ध (Correlation)

विवरण		हितग्राही संतुष्टि स्तर	ब्याज दर
Pearason Correlation	हितग्राही संतुष्टि स्तर	1.000	0.953
	ब्याज दर	0.953	1.000
Sig (1- taited)	हितग्राही संतुष्टि स्तर	0	0.000
	ब्याज दर	0.000	0
N	हितग्राही संतुष्टि स्तर	285	285
	ब्याज दर	285	285

दोनों चरों के मध्य सकारात्मक सम्बन्ध जांचने हेतु उपरोक्त तालिका का निर्माण किया गया है जिसमें हितग्राही संतुष्टि स्तर व ब्याज दर का कार्ल पियर्सन का सह संबंध गुणांक (मान) 0.953 तथा सार्थकता मूल्य (P-value) का मान 0.000 प्राप्त हुआ है जो स्तरीय मान 0.05 से कम है। अतः यह निष्कर्ष निकलता है कि दोनों चरों हितग्राही संतुष्टि स्तर व ब्याज दर के मध्य कार्ल पियर्सन का गुणांक (मान) अधिक है जो कि सार्थकता मूल्य (P-value) स्तर मान 0.05 से कम है अतः चरों के मध्य सार्थक सह सम्बन्ध है।

परिकल्पना द्वितीय का परीक्षण :

H_2 स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा प्रदत्त कृषि ऋणों की प्रक्रिया से हितग्राही संतुष्ट है।

H_0 स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा प्रदत्त कृषि ऋणों की प्रक्रिया से हितग्राही संतुष्ट नहीं है।

इस परिकल्पना के परीक्षण हेतु कार्ल पियर्सन का सह सम्बन्ध गुणांक (Correlation) का प्रयोग किया है जो इस प्रकार हैं :–

कृषि ऋण प्रक्रिया एवं हितग्राही संतुष्टि स्तर में सह सम्बन्ध (Correlation)

विवरण		हितग्राही संतुष्टि स्तर	कृषि ऋण प्रक्रिया
Pearson Correlation	हितग्राही संतुष्टि स्तर	1.000	0.933
	कृषि ऋण प्रक्रिया	0.933	1.000
Sig (1- taited)	हितग्राही संतुष्टि स्तर	0	0.000
	कृषि ऋण प्रक्रिया	0.000	0
N	हितग्राही संतुष्टि स्तर	285	285
	कृषि ऋण प्रक्रिया	285	285

दोनों चरों के मध्य सकारात्मक सम्बन्ध जांचने हेतु उपरोक्त तालिका का निर्माण किया गया है जिसमें हितग्राही संतुष्टि स्तर व कृषि ऋण प्रक्रिया का पियर्सन सहसम्बन्ध का मान 0.933 तथा सार्थकता मूल्य (P-value) का मान 0.000 प्राप्त हुआ है जो स्तरीय मान 0.05 से कम है। अतः यह निष्कर्ष निकलता है कि दोनों चरों हितग्राही संतुष्टि स्तर व कृषि ऋण प्रक्रिया के मध्य पियर्सन मान अधिक व साथर्कता मूल्य (P-value) स्तर मान 0.05 से कम है अतः चरों के मध्य सार्थक सह सम्बन्ध है।

निष्कर्ष :

इस प्रकार उपरोक्त परीक्षण का अवलोकन करने पर स्पष्ट होता है कि हमारे द्वारा ली गई प्रथम एवं द्वितीय परिकल्पना (H_1एवं H_2) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा प्रदत्तकृषि ऋणों की ब्याज दर एवं प्रक्रिया से हितग्राही संतुष्ट है। सत्य सिद्ध होती है।

– डॉ. अभिशिखा परमार
मोबा. 8319634382

संदर्भ ग्रन्थ सूची :

(1) हाबर सीपी लेन के.आर. एस. (2008), बैंक में प्रारूप नवीनीकरण – मैकिन्स त्रैमासिक Valume पृ. 148–154

(2) www.sbi.nic.in

(3) www.sbi.mp

(4) पत्रिकाए तथा प्रतिवेदन ।

केंद्र राज्य संबंध : प्रमुख मुद्दे एवं चुनौतियाँ

– राजकुमार पटेल, शोधार्थी
– डॉ. नीरज सारवान, निदेशक

प्रस्तावना

संघवाद से आशय केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार के मध्य विधायी, कार्यकारी एव प्रशासनिक कार्य विभाजन संविधान की अनुसूचियों में उल्लेखित किया गया है जिससे केंद्र एवं राज्य के मध्य टकराव की स्थिति को टाला जा सके और शक्तियों का विकेंद्रीकरण हो जो विभिन्न धर्मो, संस्कृतियों एवं क्षेत्र विशेष के आधार पर शासित हो। आधुनिक युग में संघवाद दो विभिन्न स्थितियों जिस पर एक व्यापक सामान्य हित तथा स्थानीय स्वायत्तत्ता के बीच स्थायित्व का सिद्धांत है अर्थात संघवाद केंद्र एवं राज्यों के बीच शक्ति के वितरण को सुनिश्चित करता है जबकि लोकतंत्र शक्ति के प्रयोग में जन भागीदारी की भूमिका को रेखांकित करता है। लोकतंत्र व संघवाद भारतीय संविधान की स्वयं की खूबियों को धारित करते हुए एक विशेष प्रकार का समायोजन है जहां केंद्रसरकार संपूर्ण भारत को लक्षित कर नीतियां बनाना एवं राज्यों द्वारा क्षेत्र विशेष की नीतियां बनाना एवं केंद्र एव राज्य दोनों सरकारों द्वारा देश के विकास हेतु कार्यान्वयन मिलकर क्षेत्रीय के साथ–साथ राष्ट्र को समृद्धि के मार्ग में लगातार सशक्त करता है जो सहकारी संघवाद का वास्तविक लक्ष्य होता है।

संविधान सभा में संघात्मक शासन व्यवस्था को अपनाने के संदर्भ में कोई विवाद नहीं था, परंतु संघात्मकता की प्रकृति को लेकर मतभेद अवश्य थे अन्ततः कनाडा के मॉडल से प्रेरित होकर एवं भारतीय परिस्थितियों के अनुसार जो प्रमुखतः भौगोलिक विस्तार, जनसंख्या, बहुल धार्मिकता तथा एकात्मक व्यवस्था के बीच सामंजस्य स्थापित कर विधिवत संवैधानिक उल्लेख किया हुआ है जिसका उल्लेख सुप्रीम कोर्ट ने कई बार किया है साथ ही सुप्रीम कोर्ट

द्वारा संघात्मक व्यवस्था को संविधान की मूल संरचना घोषित किया गया है। भारतीय लोकतंत्र के 75 साल के अपने समयावधि में अनेक बदलाव देखने को मिलता है यह परिवर्तन उस समय की तत्कालीन राजनीतिक व्यवस्था, नेतृत्व, आर्थिक स्थितियां का विशेष प्रभाव होता था। इस कारण भारतीय संघ व्यवस्था में केंद–राज्य संबंध को भी 4 चरणों में विभाजित कर सकते हैं– प्रथम चरण (1952 से 1967 तक) एक दलीय संघवाद पर आधारित था इसे कांग्रेस व्यवस्था के नाम से जाना जाता है क्योंकि उस समय केंद्र एवं राज्य दोनों जगह लगभग कांग्रेस की सरकार थी जिस कारण केंद्र एवं राज्य के मध्य विवाद नाममात्र के थे जिनका निस्तारण पार्टी स्तर पर ही कर लिया जाता था। द्वितीय चरण अभिव्यक्तिवादी संघवाद (1967 से 1989 तक) इस चरण को तनाव का काल कहां जाता है जिसमें राज्य के अंदर अस्थिर सरकारें बनने का दौर चालू हुआ एवं केंद्र सरकार द्वारा जिन्हें बर्खास्त करने एवं राष्ट्रपति शासन(अनुच्छेद 356 का प्रयोग) जैसे कार्य बहुतायत रूप में हुए। तृतीय चरण बहुदलीय संघवाद (1989 से 2014 तक) जिसके अंतर्गत क्षेत्रीय दलों के उभार अनेक राज्यों में देखे गए साथ ही केंद्र में भी गठबंधन का दौर शुरू हो चुका था। इसी दौर में कांग्रेस से अलग होकर कई राज्य विशेष की पार्टीयां बनी। चतुर्थ चरण 2014 के पश्चात मोदी के नेतृत्व में बीजेपी की सरकार का गठन हुआ जो राष्ट्रवादी संघ के साथ–साथ सहयोगी एवं प्रतिस्पर्धी संघवाद जैसे विचार को लेकर आगे बढ़ रही है ।

2014 में केंद्र में 1985 के बाद किसी पार्टी को पूर्ण बहुमत मिला। श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बीजेपी ने 2014 से जब शुरुआत की तो उनका गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में केंद्र–राज्य संबंध के कड़वे अनुभव को ध्यान में रखकर इस पर विशेष ध्यान दिया । जिससे टकराव की जगह सहयोगी एवं प्रतिस्पर्धी माहौल केंद्र एवं राज्य के मध्य स्थापित हो, इसी कड़ी में उनके द्वारा पूर्ण केंद्रीकृत व्यवस्था योजना आयोग की जगह नीति आयोग का गठन करना, वित्त आयोग द्वारा राज्यों को ज्यादा अनुदान प्रदान किया जाना एवं जीएसटी जैसी व्यवस्था जहां केंद्र एवं राज्य मिलकर कर का निर्धारण एक मंच पर कर सके ।

केंद्र राज्य के बीच 2024 के बाद प्रमुख मुद्दे :–

वन नेशन वन इलेक्शन :– 2024 में मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार एनडीए की सरकार बनी है जिसकी सर्वोच्च प्राथमिकता एक देश एक चुनाव पर एक आम सहमति पर पहुंचना है। सरकार द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल में ही पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में समिति का गठन किया था जिन्होंने सभी राजनीतिक पार्टियों से विचार विमर्श कर अपनी सिफारिशें सरकार को सौंप दी है। प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस एवं अन्य राज्यों (तमिलनाडु, केरल, पश्चिमी बंगाल तथा तेलंगाना) की सरकार द्वारा इसे संघीय ढाचे को नुकसान, राज्यों की स्वतंत्रता बाधित करना एव क्षेत्रीय पार्टी को इससे नुकसान बता रहे है। हालांकि कुछ विद्वान एक राष्ट्र एक चुनाव को क्षेत्रीय पार्टी पर राष्ट्रीय पार्टी की निर्भरता के रूप में देख रहे है।

समान नागरिक संहिता :– संविधान निर्माण के समय डॉ. अंबेडकर जी समान नागरिक संहिता के प्रबल समर्थक थे। उनका मानना था कि राजनीतिक क्षेत्र के साथ–साथ सामाजिक क्षेत्र में भी समान नागरिक संहिता को लागू कर शादी–विवाह, तलाक, संपत्ति एव उत्तराधिकार के साथ–साथ गोद लेने जैसे महत्वपूर्ण विषय जिसमें धार्मिक प्रभाव लगभग सभी धर्मो में विद्यमान होता है। इन्हीं विषयों को लेकर वर्तमान सरकार समान नागरिक संहिता को लेकर गंभीर नजर आ रही है, भाजपा शासित दो राज्यों गोवा एवं उत्तराखण्ड में पहले ही लागू किया जा चुका है। सूर्यप्रकाश ने अपने शोध आलेख में उल्लेख किया है कि समान नागरिक संहिता विवाह, तलाक, विरासत के उत्तराधिकार जैसे गंभीर मुद्दों से निपटने में प्रमुख भूमिका निभा सकता हैं क्योंकि अभी भी सभी धर्मो में इन विषयों को लेकर भिन्न–भिन्न नियम हैं। वही नरेश गोस्वामी ने अपने शोध आलेख में समान नागरिक

संहिता विषय पर स्वतंत्रता से लेकर वर्तमान समय तक के प्रयासों एवं इसके लाभ एवं हानि पर गहन विमर्श किया है। यूसीसी को लेकर सरकार सभी राष्ट्रीय पार्टीयाँ, क्षेत्रीय पार्टी, धार्मिक संगठन, सिविल सोसाइटी के साथ–साथ सभी समुदायों के मध्य गहन विचार विमर्श के उपरांत ही इसको वास्तविक रूप में कार्यान्वित किया जा सकता है। परंतु कुछ राज्य विशेषकर केरल, पं. बंगाल द्वारा इसका विरोध किया जा रहा है।

वक्फ बिल में संशोधन को लेकर विवाद :– भारत में वक्फ बोर्ड जैसे संस्थान की शुरूआत दिल्ली सल्तनत के समय से मानी जाती है लेकिन स्वतंत्रता के बाद नेहरू के कार्यकाल में सर्वप्रथम वक्फ अधिनियम 1954 लाया गया था। बाद में 1964 में एक केंद्रीय वक्फ परिषद की स्थापना की गई थी सशस्त्र बलों एवं रेलवे के बाद वक्फ बोर्ड भारत में तीसरे सबसे बड़े जमींदार है। वक्फ इस्लामिक कानून एक प्रकार का धर्मार्थ बंदोबस्त है जहां संपत्ति का स्वामित्त्व अल्लाह को हस्तांतरित है। इसके अंतर्गत आने वाली संपत्ति को धार्मिक एवं गरीबों और जरूरत मंदो को सहायता करना, मस्जिद या अन्य धार्मिक संस्थान को बनाएं रखना, शिक्षा की व्यवस्था करना जैसे कार्य करता है। देश में अभी 30 वक्फ बोर्ड है सरकारी आंकड़ों के मुताबिक देशभर में 8.70 लाख संपत्तियां व 9.40 लाख एकड़ जमीन फैली हुई है। इसकी संस्थान में कई कमियां मौजूद है जैसे वक्फ की कार्यप्रणाली पूर्णरूप से आस्था, शरीयत कानूनों का पालन करना, यहां अभिजात वर्ग(अशरफ) मुसलमानों का कब्जा है जिसकारण सभी वर्गो का प्रतिनिधित्व नहीं हो रहा जिससे उनका शोषण हो रहा है जैसे(पसमांदा मुसलमान), जमीनों पर दावा करना, भ्रष्टाचार एवं कुप्रबंधन का आरोप लगना इत्यादि। सरकार का प्रयास है कि इसमें संशोधन कर कमियों को दूर किया जाए जिससे यह अपने उद्देश्य में सफलता के साथ सभी वर्गो की सहभागिता सुनिश्चित हो साथ ही वक्फ के पास मौजूद संपत्तियों का जनभलाई के लिए हो साथ ही यह सवाल कि क्या एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र में धार्मिक तरीके से कार्य कर सकता है? क्योंकि ऐसा अनुभव बताता है कि इनका पूर्ण सदूपयोग नहीं हुआ हाल ही में ऐसे कई केस (प्रकरण) आये जिससे इनकी कार्यशैली विवादित नजर आई उदाहरण रूप में वक्फ बोर्ड के विवादित फैसले पहला तमिलनाडु वक्फ बोर्ड ने थिरूचेंदुर गांव को अपनी संपत्ति बताया जबकि उस गांव की अधिकांश आबादी हिंदू है। दूसरा जबलपुर हाईकोर्ट का फैसला कि ऐतिहासिक इमारतें वक्फ बोर्ड के अधीन नहीं हो सकती है। तीसरा दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर दिल्ली वक्फ बोर्ड की 123 संपत्तियों की जाँच की जा रही है। हालांकि इस बिल के आने के बाद कई राज्य इसके विरोध में दिख रहे है। केरल और कर्नाटक एवं प. बंगाल इसका धार्मिक भेदभाव का आरोप लगाकर विरोध कर रहे है।

राज्यपाल की भूमिका :– राज्यपाल राज्य का संवैधानिक प्रधान होता है जो केंद्र का अभिकर्ता के रूप में नियुक्ति किया जाता है । संविधान सभा इस पद को गरिमायुक्त, संविधान का संरक्षक, तथा केंद्र एवं राज्य के मध्य समन्वय का माध्यम होता है। लेकिन 1967 के बाद से यह संवैधानिक पद विवाद का केंद्र रहा है। राज्यपाल पद पर राजनीतिक व्यक्ति की नियुक्ति होने से इस पद का भी राजनीतिकरण हो गया है। सभी केंद्र सरकार द्वारा इस पद का दुरूपयोग किया गया है। वास्तव में यह पद राज्य में संवैधानिक संकट का प्रमुख कारण बन गया है। शुरुआत में राज्यपाल द्वारा राज्य में राष्ट्रपति शासन की अनुशंसा करना, राज्य की सरकार को वर्खास्त करना इत्यादि कार्य प्रमुख था लेकिन वर्तमान समय में राज्यपाल द्वारा विधेयकों को लम्बित रखना, अनुमति न देना, राज्य की सरकार को अस्थिर करने का आरोप लगना, राज्य सरकार एवं राजभवन के बीच टकराव रहना इत्यादि आरोप वर्तमान में उन राज्यों में लगाये गये है जहां प्रायः विपक्षी दलों की सरकार होती है जैसे कि बंगाल, तमिलनाडु, केरल, तेलंगाना एवं अन्य पूर्ववर्ती कांग्रेस शासित राज्य सरकार जैसे राजस्थान, छत्तीसगढ़ की सरकार द्वारा लगाये जाते रहे

है। इस पद को लेकर कई आयोगो जैसे सरकारिया आयोग, पुंछी आयोग जैसे ने भी कुछ संरचनात्मक सुधार पर जोर दिया है ।

जाँच एजेंसियों की भूमिका :– जाँच एजेंसियों की निष्पक्षता हमेशा संदेहास्पद रही है फिर वह किसी पार्टी की सरकार रही हो। सुप्रीम कोर्ट समय–समय पर इनकी कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी जताता रहा है। जाँच एजेंसियाँ पूर्ण रूप से केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत आती है जिसकारण स्वभावतः इन पर विपक्षी दलों द्वारा आरोप लगाया जाता है जो केंद्र एवं राज्य के मध्य विवाद का मुद्दा रहता है। अभी सितम्बर 2024 को कर्नाटक राज्य द्वारा सीबीआई को दी गई सामान्य सहमति वापस ले लिया है। जिसका प्रमुख कारण राजनीतिक विद्वेष पूर्वक कार्यवाही को बताया है। सामान्य सहमति वापस लेने वाले राज्य कुल 8 है जिनमें विपक्षी दलों की सरकार है अर्थात जाँच एजेंसियों को लेकर राज्यों के मध्य अविश्वास विद्यमान है।

जीएसटी पर मतभेद :– जीएसटी व्यवस्था ने वित्तीय संघवाद में अभूतपूर्व परिवर्तित किया है क्योंकि इससे राज्यों ने कर से संबंधित विषयों पर अपने विवेकाधिकार की शक्तियों में केंद्र का अधिकार बढ़ा है। विपक्षी पाटीयों द्वारा शासित राज्यों (दिल्ली, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक तेलंगाना) द्वारा नई दिल्ली में केंद्रीय धन के वितरण को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया था। जीएसटी के बाद राज्यों के मध्य वित्तीय संबंधों को लेकर कई मुददे उभरे है जिनमें कुछ का वर्णन इस शोध में किया गया है। पहला विषय राज्यों को उम्मीद थी कि जीएसटी सिस्टम के अंतर्गत उपकर और अधिभार आ जायेंगे। लेकिन इसके विपरीत नए उपकर और अधिभार बजटीय व्यवस्था से आते रहे और सभी जीएसटी व्यवस्था के बाहर रहे और इनको राज्यों के साथ साझा नहीं किया जाता है। एक अनुमान के अनुसार उपकरों और अधिभारों का कुल संग्रह 2009–10 में 70559 करोड़ से बढ़कर 2023–24 में 6.6 लाख करोड़ लगभग है। इन संग्रहों में जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर भी शामिल है। यदि इन उपकरो को सकल कर राजस्व का हिस्सा माना जाय तो उपकर और अधिभार 2009–10 में 11.3ः तो वही 2023–24 के अस्थायी आंकड़ों के अनुसार 14.8ः होने का अनुमान है।

प्रस्तुत है चार्ट 1

Chart 1 : The share of cesses and surcharges in the gross tax revenue from 2009-10 to 2024-25, in %



स्त्रोत, द हिंदू दिनांक 28–02–2024

दूसरी समस्या वित्त आयोग की सिफारिशों का केंद्र सरकार द्वारा पूर्णतया पालन न करना । सकल राजस्व से उपकर, अधिभार और करों के संग्रह की लागत घटाकर शुद्ध आय जिसका केंद्र एवं राज्य के मध्य वितरण 15 वित्तआयोग के अनुसार 41 अनुशंसित को भी पूर्णरूप से पालन नही कर पा रहा है। जिस कारण कई राज्य अपने हिस्से का कर भारांस समय पर न मिलने का भी आरोप लगा रहे है। इस शोध में तीन वित्त आयोग की सिफारिशे जो क्रमशः 13, 14, एवं 15वां वित्त आयोग द्वारा 32% 42% एवं 41% की सिफारिश की गई थी तथा जो राज्यों को वास्वव में दिया गया है उसका वर्णन किया गया है। जहां 13वें वित्त आयोग की अवधि के दौरान वार्षिक हस्तांतरण का औसत 31.1% था 14वें वित्त आयोग की अवधि के दौरान 40.3ः और 15वें वित्त आयोग की अवधि के दौरान 38.1% हुआ है । जो राज्यों की वित्तीय स्थिति को निरंतर कमजोर कर रहा है ऐसा आरोप राज्यों द्वारा लगाया जा रहा है ।

चार्ट 2



स्त्रोत–4, द हिन्दू दिनांक 28.02.2024

केंद्र का इस संदर्भ में मत है कि कुछ व्यय की जिम्मेवारी सिर्फ केंद्र की है जिनका भार पूर्णरूप से केंद्र द्वारा किया जाता है जैसे सुरक्षा व्यय, किसान सम्मान निधि देना डीबीटी के माध्यम से, स्वास्थ्य बीमा एवं अन्य केन्द्र प्रायोजित योजनाएं इत्यादि। जिसमें केन्द्र के राजस्व का बहुत बड़ा हिस्सा चला जाता है।

नागरिकता संशोधन कानून :– 2019 में पारित नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को आम चुनाव 2014 के कुछ समय पहले लागू कर दिया जिसमें 31 दिसम्बर 2014 को या उससे पहले रहने वाले नागरिकों को नागरिकता अधिनियम 1955 में संशोधित करके अफगानिस्तान, बांग्लादेश, और पाकिस्तान से आये हुए हिन्दू, सिख, जैन, बौध, पारसी और ईसाई, अप्रवासियों को भारत की नागरिकता के पात्र हो चुके है साथ ही इन अप्रवासियों को 11 वर्ष के बजाय प्रतिक्षा अवधि 5 वर्ष कर दी गई है। प्रमुखतः इन तीन देशो के अल्पसंख्यक पीड़ित समुदाय को संरक्षित करने का प्रयास है। इसके अलावा, इसमें ऐसा कुछ भी नही है जो किसी की नागरिकता को छीनता हो। आलोचकों विशेषकर विपक्षी पार्टीयों का मानना है कि यह धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों, उदारवाद, समानता, और न्याय के सिद्धांतों का उल्लघंन है। इस कानून के संदर्भ में दुर्भाग्यपूर्ण राजनीतिक प्रचार विपक्ष द्वारा किया गया कि इसको राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर से जोड़ने की कोशिश की गई जो विशेष धर्म वाले व्यक्ति को नागरिकता से वंचित कर देगा यदि पर्याप्त दस्तावेजी सबूत नहीं होगे। इसको लेकर कुछ राज्य अपने राज्य क्षेत्र में लागू नहीं करने की बात कर रहे है जैसे पं.बंगाल ।

केंद्र–राज्य संबधों की प्रमुख चुनौतियाँ :–

